श्री बंशीधर नगर, शनिवार
08.08.2026
श्रावण कृष्णपक्ष दशमी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 343

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:23 बजे
अस्त - 06:41 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com



श्वेता देवी बनीं अध्यक्ष >> पेज 03
हॉलीवुड में प्रियंका चोपड़ा की नई पारी >> पेज 05

## सुविचार

यदि आप कुछ ऐसा चाहते हैं जो आपके पास कभी नहीं था, तो आपको कुछ ऐसा करना होगा जो आपने कभी नहीं किया।

## न्यूज अपडेट्स

### धनबाद : भू-धसान से 20 घर जमींदोज

**धनबाद।** धनबाद में भू-धसान की बड़ी घटना सामने आई है। कतरास थाना क्षेत्र के छाताबाद में शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे अचानक हुए भू-धसान से लगभग 20 डेढ़ दर्जन से अधिक घर जमींदोज हो गए। एक दो मंजिला मकान भी देखते ही देखते जमीन में समा गया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घरों और जमीन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में करीब आठ लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। जिनका इलाज अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों में चल रहा है। वहीं घटना के बाद बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर करीब ढाई बजे स्थानीय कोयला खदान में ब्लास्टिंग के कुछ ही देर बाद जमीन में तेज कंपन महसूस हुई और देखते ही देखते बड़े क्षेत्र में जमीन फटने लगी। कई मकान अचानक धंस गए, जिससे लोगों में चीख-पुकार मच गई। जान बचाने के लिए लोग घरों से बाहर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने अपनी जान जोखिम में डालकर मलबे और धंसे हुए घरों से लोगों को बाहर निकाला। हादसे में करीब 08 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पतालों में भेजा गया है।

**जेपीएससी विवाद** — **प्रोटेस्ट कर रहे छात्रों की सरकार से हुई पहली मीटिंग**

# सकारात्मक वार्ता हुई, पर रही बेनतीजा, जारी रहेगा आंदोलन

### राज्य सरकार की 5 सदस्यीय टीम और छात्रों के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के बीच आमने-सामने हुई वार्ता

बंशीधर न्यूज

**रांची :** झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ 14 दिनों से चल रहे छात्र आंदोलन के बीच शुक्रवार शाम को राज्य सरकार और छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल के बीच पहली औपचारिक वार्ता हुई। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में हुई बैठक करीब डेढ़ घंटे चली, जो रात 9.25 बजे खत्म हुई। छात्र प्रतिनिधियों ने बातचीत को सकारात्मक बताया। हालांकि, बातचीत अंतिम समझौते पर नहीं पहुंची है। छात्रों ने अंतिम रूप से समझौता होने और अपनी मांगें पूरी होने तक सत्याग्रह जारी रखने का निर्णय लिया है।

सरकार की पांच सदस्यीय टीम और छात्रों के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के बीच आमने-सामने बातचीत हुई। छात्रों ने अपनी मांगों का एक-एक बिंदु सरकार के सामने रखा। उन्होंने भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता, कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच और परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग दोहराई। छात्रों ने कहा कि वे ठोस कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं। वार्ता में सरकार की ओर से चार मंत्री शामिल हुए। इनमें चमरा लिंडा, सुदिव्य कुमार सोनू, दीपिका पांडेय सिंह और संजय प्रसाद यादव शामिल थे। विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह भी बैठक में मौजूद रहे। छात्र प्रतिनिधिमंडल में रवींद्र पासवान, पीयूष कुमार, राजेश प्रसाद, नीतू कुजूर, अंकित राज, कार्तिक सोरेन, शालू कुमारी, रवींद्र कुमार रवि, आनंद कुमार और अंकित कुमार शामिल थे। मंत्रियों ने छात्रों की मांगों पर कहा कि सरकार छात्रों के एक-एक मुद्दे के समाधान की दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगी। माना जा रहा है कि सरकार के चार मंत्रियों की कमेटी मुख्यमंत्री को छात्रों की मांगों से अवगत कराएगी। जल्द ही दूसरे दौर की वार्ता हो सकती है।



### जेपीएससी-जेएसएससी अभ्यर्थियों के आंदोलन में पहुंचीं आइसा राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा वोरा पर फेंकी स्याही



**रांची।** राजधानी रांची में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में चल रहे छात्र-अभ्यर्थियों के आंदोलन में शामिल होने पहुंचीं आइसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा वोरा पर स्याही फेंके जाने का मामला सामने आया है। नेहा वोरा छात्र-अभ्यर्थियों के समर्थन में आंदोलन स्थल पहुंची थीं। घटना की वामपंथी दलों ने कड़ी आलोचना की है। माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि यह घटना सांप्रदायिक संगठनों की ओर से युवाओं को नफरत भरे प्रचार से प्रभावित किए जाने की कोशिश का परिणाम है। उन्होंने घटना को कायरतापूर्ण बताते हुए कहा कि देशभर में शिक्षा और छात्रों के अधिकारों को लेकर चल रहे आंदोलनों के खिलाफ कुछ लोगों की बौखलाहट इस घटना से सामने आती है। उन्होंने कहा कि छात्र-अभ्यर्थियों के लोकतांत्रिक आंदोलन को दबाने के बजाय उनकी मांगों पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बयान

वार्ता से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा परिसर में कहा कि सरकार छात्रों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है। सरकार छात्रों की हर बात सुनने को तैयार है। बातचीत के जरिए समाधान निकाला जा सकता है। छात्रों के सवाल, सुझाव और जिज्ञासाएं खुलकर सामने आनी चाहिए। उनके सुझावों का सरकार स्वागत करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी से भर्ती और शिक्षा व्यवस्था में बड़े सुधार किए जा सकते हैं। संवाद किसी एक स्थान या सीमित समूह तक नहीं रहना चाहिए। राज्य के सभी छात्र अपनी राय रखें। उनके विचारों के आधार पर सरकार सुधार की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है।

### छात्रों के बीच अभी भी गुस्सा

इससे पहले गुरुवार को सरकार और छात्रों के बीच प्रतिनिधिमंडल को लेकर गतिरोध था। सरकार ने केवल छात्रों से बातचीत की शर्त रखी थी। इसके बाद छात्रों ने अपना प्रतिनिधिमंडल बदलकर नई सूची सरकार को सौंपी। शुक्रवार को इसी 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता हुई। वहीं, जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी के खिलाफ यह आंदोलन 14वें दिन भी जारी रहा। छात्र 14वीं जेपीएससी पीटी और जेएसएससी सीजीएल से जुड़े विवादों की जांच और भर्ती प्रक्रिया में सुधार की मांग कर रहे हैं। वार्ता के बाद अब आंदोलन के अगले रुख पर नजर है।

### जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में अनियमितता : आंदोलन के 14वें दिन तबियत बिगड़ने पर एक अनशकारी को भेजा गया अस्पताल



**रांची।** झारखंड में 14वें जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की जांच और परीक्षाएं रद्द करने की मांग को लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, रांची में छात्र-अभ्यर्थियों का आमरण अनशन और सत्याग्रह शुक्रवार को 14वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के चौथे दिन दो अनशनकारियों की तबीयत बिगड़ने से आंदोलन स्थल पर स्थिति गंभीर हो गई। अनशनकारी छात्र राहुल कुमार की शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तत्काल सदर अस्पताल, रांची भेजा गया। इसके बाद अनशन पर बैठे छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो की भी तबीयत खराब हो गई। उनकी बोलने की गति धीमी होने पर चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों की टीम दोनों अनशनकारियों के स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हुए है। आंदोलन स्थल पर दिनभर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों का आना-जाना लगा रहा। कई संगठनों और लोगों ने आंदोलनकारियों की मांगों का समर्थन करते हुए उनके प्रति एकजुटता जताई और उनका उत्साह बढ़ाया। आंदोलन में शामिल छात्र रितेश सिंह, सुनीता कुजूर सहित अन्य अभ्यर्थियों ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। उन्होंने मांग की कि जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल सहित अन्य विवादित प्रतियोगी परीक्षाओं को रद्द कर पारदर्शी प्रक्रिया के तहत दोबारा आयोजित किया जाए। आंदोलनकारियों ने घोषणा की कि 10 अगस्त को राज्यभर के छात्र रांची में विधानसभा का घेराव करेंगे। उनका दावा है कि इस प्रदर्शन में झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में छात्र और युवा शामिल होंगे। छात्र राजेश कुमार ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार छात्रों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि रोजगार और पारदर्शी भर्ती का वादा कर सत्ता में आई सरकार अब युवाओं की मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में छात्रों को अपने अधिकारों की लड़ाई और तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। आंदोलन स्थल पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अलावा अन्य लोग भी मौजूद रहे।

**खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में 7वां राज्यव्यापी वन महोत्सव-2026**

# पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी : हेमन्त

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वन महोत्सव कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। जब तक आमजन इस दिशा में सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएंगे, तब तक जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौती का प्रभावी समाधान संभव नहीं होगा। उन्होंने सभी लोगों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और हरित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।



मुख्यमंत्री शुक्रवार को रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित 77 वें राज्यव्यापी वन महोत्सव-2026 में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की बढ़ती चुनौतियों के बीच पौधारोपण पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने ने राज्यवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन विश्व की सबसे गंभीर और चिंताजनक चुनौतियों में से एक बन चुका है। इसके प्रभाव अब केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों, जैव विविधता और समग्र विकास प्रक्रिया पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण एवं देखभाल का संकल्प भी ले। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनभागीदारी सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि राज्य का प्रत्येक नागरिक एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी निभाए, तो आने वाले समय में झारखंड हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक मिसाल बन सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में विभिन्न अभियान के तहत लगाए गए पौधों की स्थिति का वे स्वयं जायजा लेंगे। साथ ही, पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं और समुदायों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव केवल मनुष्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि पशु-पक्षियों, वन्यजीवों और अन्य जीव-जंतुओं को भी इसका भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्राकृतिक आवासों में बदलाव, जल स्रोतों का प्रभावित होना तथा पर्यावरणीय असंतुलन जैव विविधता के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों से निपटने के लिए पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए स्थानीय और पारंपरिक वृक्ष प्रजातियों का संरक्षण एवं संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल हरित आवरण में वृद्धि होगी, बल्कि भूजल संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता, स्वच्छ वायु और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को भी मजबूती मिलेगी।

77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव-2026 के अवसर पर मुख्यमंत्री ने वन संरक्षण, संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण तथा सामुदायिक वन प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले राज्य के विभिन्न वन प्रमंडलों से चयनित 20 वन मित्रों एवं समिति प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सम्मानित व्यक्तियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित झारखंड के निर्माण में इनकी भूमिका प्रेरणादायी है।

इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन, सचिव अबू बकर सिद्दीकी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजीव कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक विश्वनाथ शाह, एटी मिश्रा, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वेंकटेश लू, जब्बेर सिंह, मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एसआर नेटेशा सहित वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दीपक प्रताप देव ने मांगा पावर प्लांट और सीमेंट प्लांट पर हिसाब, भवनाथपुर की राजनीति में बढ़ी सरगर्मी



नीलू चौबे

**झामुमो के** युवा नेता एवं भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव इन दिनों क्षेत्र की राजनीति में लगातार सक्रिय और आक्रामक भूमिका में नजर आ रहे हैं। बड़े भाई एवं भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव से राजनीतिक नाता तोड़ने के बाद उन्होंने विधायक अनंत प्रताप देव तथा पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही दोनों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जनसभाओं और विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों में वे दोनों नेताओं से क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर जवाब मांग रहे हैं। दीपक प्रताप देव का आरोप है कि पावर प्लांट और सीमेंट प्लांट जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के नाम पर वर्षों तक क्षेत्र की जनता को केवल सपने दिखाये गये, लेकिन आज तक इन योजनाओं की वास्तविक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। उनका कहना है कि चुनाव के दौरान किये गये वादों का परिणाम धरातल पर दिखाई देना चाहिये। केवल घोषणाओं और आश्वासनों के सहारे जनता को लंबे समय तक नहीं रखा जा सकता। बड़े भाई से राजनीतिक दूरी बढ़ने के बाद दीपक प्रताप देव लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे गांव-गांव जाकर लोगों के सुख-दुख में शामिल हो रहे हैं, स्थानीय समस्याओं के समाधान का प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही वे जनसंपर्क अभियान के माध्यम से अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं। दीपक प्रताप देव का कहना है कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिये पावर प्लांट और सीमेंट प्लांट सबसे बड़े विकासात्मक मुद्दे हैं। आखिर इन परियोजनाओं का भविष्य क्या है और अब तक इन पर कितना काम हुआ है? उनका आरोप है कि चुनाव में इन योजनाओं के नाम पर सिर्फ वोट हासिल करने का प्रयास किया गया। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भवनाथपुर की राजनीति में दीपक प्रताप देव की सक्रिय एंट्री के बाद स्थानीय सियासी समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। उनके लगातार हमलों और जनसंपर्क अभियान से क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है तथा आगामी चुनावों को लेकर चचाओं का दौर भी शुरू हो गया है।

## न्यूज अपडेट्स

### 8,399 करोड़ रुपये का प्रथम अनुपूरक बजट पेश

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विपक्ष के हंगामे के बीच वित्तीय वर्ष 2026-27 का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया। अनुपूरक बजट का कुल आकार 8,399 करोड़ 31 लाख 11 हजार रुपये है। विधानसभा में बजट पेश किए जाने के दौरान विपक्षी सदस्य जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर लगातार नारेबाजी करते रहे। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री ने अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा। सरकार के अनुसार, अनुपूरक बजट पर सदन में विस्तृत चर्चा चालू सत्र के दौरान इसके पारित होने से पहले कराई जाएगी। इसके अलावा हंगामे के बीच विधानसभा की विभिन्न समितियों की रिपोर्ट भी सदन के पटल पर प्रस्तुत की गई। उल्लेखनीय है कि लगातार हंगामे और नारेबाजी के कारण विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### डुरंड कप: दिल्ली ने डिफेंडर्स एफसी को 7-0 से हराया

**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए डुरंड कप के चौथे मुकाबले में दिल्ली एससी ने डिफेंडर्स एफसी को 7-0 से करारी शिकस्त दी। दिल्ली एससी ने शुरूआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए और पहले 11 मिनट में तीन गोल दागकर मुकाबले पर मजबूत पकड़ बना ली। दिल्ली एससी ने पांचवें मिनट में गोल कर अपना खाता खोला। इसके दो मिनट बाद सातवें मिनट में दूसरा गोल किया, जबकि 11वें मिनट में तीसरा गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। लगातार हमलों से दिल्ली की टीम ने डिफेंडर्स एफसी को दबाव में बनाए रखा। 34वें मिनट में चौथा गोल कर दिल्ली ने अपनी बढ़त 4-0 कर ली। पहले हाफ के समाप्त होने तक डिफेंडर्स एफसी की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी।

**हंगामा** विधानसभा में नारेबाजी, कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

# जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा गड़बड़ी पर हंगामा



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन शुक्रवार को जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी का मुद्दा छाया रहा। विपक्षी सदस्यों के हंगामे और नारेबाजी के कारण विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही पहले दोपहर 12.30 बजे तक और बाद में सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड के छात्र और युवा बारिश के बीच सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। राज्य में जेपीएससी की जितनी भी परीक्षाएं हुई हैं, उनमें गड़बड़ी के आरोप सामने आए हैं। इसी तरह जेएसएससी की परीक्षाओं में भी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं। मरांडी ने राज्य सरकार से जेपीएससी और जेएसएससी की सभी परीक्षाओं की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य से जुड़े इस मामले में किसी भी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि अनुपूरक बजट पेश होने के बाद सत्र का पर्याप्त समय बचा हुआ है। इसलिए इस मुद्दे पर बाद में भी चर्चा कराई जा सकती है। वहीं, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि छात्रों की मांगों के साथ सत्ता पक्ष भी खड़ा है। इसी दौरान विपक्षी सदस्य सदन के वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने सदस्यों से शांत रहने और अपनी-अपनी सीट पर लौटने की अपील की। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने नेता प्रतिपक्ष की बात भी पूरी तरह नहीं सुनी है। अध्यक्ष ने भाजपा विधायकों से प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि फिलहाल खेती-किसानी का समय है और इससे जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी सदन में चर्चा जरूरी है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा। इसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर करीब 12.35 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने विपक्ष के हंगामे को गैरजरूरी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे देश के छात्रों के हित में काम कर रही है, लेकिन विपक्ष छात्रों के मुद्दे को बहाना बनाकर सदन में हंगामा कर रहा है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने शून्यकाल की सभी सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए संबंधित विभागों को भेजने का निर्देश दिया। इसके बाद विपक्षी सदस्य एक बार फिर वेल में पहुंच गए और नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे।

लगातार हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## बाबूलाल मरांडी ने अस्पताल पहुंचकर अनशनकारी छात्रों का जाना हाल, सरकार पर साधा निशाना



**रांची।** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को सदर अस्पताल पहुंचकर जेपीएससी-जेएसएससी में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच और युवाओं के अधिकारों की मांग को लेकर अनशन कर रहे छात्रों राहुल क्रांति और ब्रजकिशोर का हाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों से दोनों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके संघर्ष के प्रति समर्थन जताया। दोनों छात्र पिछले 14 दिनों से आंदोलनरत हैं। बताया गया कि शुक्रवार को राहुल क्रांति की तबीयत अचानक अधिक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। वहीं, कोडरमा के छात्र ब्रजकिशोर भी लगातार बारिश में धरना देने के कारण अस्वस्थ बताए गए हैं। मरांडी ने दोनों छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सरकार की कथित असंवेदनशीलता के कारण उन्हें अपनी जान जोखिम में नहीं डालनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को अभी लंबी लड़ाई लड़नी है। मरांडी ने राहुल क्रांति के मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि छात्र ने परीक्षा दी थी और अच्छे अंक प्राप्त करने के बावजूद उसका चयन नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में परीक्षा परिणाम अलग-अलग चरणों में जारी किए जाते हैं। उनके अनुसार, राहुल ने परिणाम को लेकर उच्च न्यायालय का रुख किया था और वहां से डिग्री मिलने के बावजूद जेएसएससी ने उन्हें नौकरी नहीं दी। उन्होंने कहा कि अब सरकार और जेएसएससी ने उच्च न्यायालय की डबल बेंच में अपील की है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि सरकार संवेदनशील होती तो उच्च न्यायालय के फैसले के बाद जेएसएससी राहुल का साक्षात्कार लेकर उन्हें नियुक्त कर सकती थी। उन्होंने आशंका जताई कि डबल बेंच में भी छात्र के पक्ष में फैसला आने पर मामला उच्चतम न्यायालय तक ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र पढ़ाई करें या वर्षों तक मुकदमा लड़ें, यह गंभीर सवाल है। मरांडी ने मांग की कि जेपीएससी और जेएसएससी के अध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक, सचिव समेत महत्वपूर्ण पदों पर तैनात अधिकारियों को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने कथित अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी और पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि वर्ष 2019 के बाद राज्य में हुई विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं और जेपीएससी-जेएसएससी में नौकरियों में धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि आंदोलन कर रहे युवाओं का संघर्ष केवल उनका व्यक्तिगत मुद्दा नहीं, बल्कि राज्य के उन सभी युवाओं की आवाज है जो रोजगार और न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## नन्हा सा दिल ने जगाई उम्मीद : छतरपुर अस्पताल में 88 बच्चों का हुआ ईको परीक्षण



**छतरपुर :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत अनुमंडल अस्पताल में नन्हा सा दिल कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व में स्क्रीनिंग के दौरान जन्मजात हृदय रोग से संदिग्ध पाये गये बच्चों का 6 अगस्त को विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा ईकोकार्डियोग्राफी (ईको) परीक्षण किया गया। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय पर पहचान कर उन्हें बेहतर एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश अग्रवाल, एमओआईसी डॉ मंसूर अली, आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ असदुल्लाह फैज, मेडिकल ऑफिसर अमित कुमार सिंह, ब्लॉक डाटा मैनेजर गौरव कुमार एवं सत्य साई ट्रस्ट की टीम ने संयुक्त रूप से किया। ईको जांच के दौरान कुल 88 बच्चों का परीक्षण किया गया। जांच में 19 बच्चों को सर्जरी, जबकि 10 बच्चों को कैथ/डिवाइस क्लोजर के लिये चिह्नित किया गया। वहीं 2 बच्चों को उच्च संस्थान रेफर, 2 बच्चों ने सहयोग नहीं किया। जांच में 45 बच्चे सामान्य पाये गये। इसके अलावा 7 बच्चों को फॉलो-अप, 1 को पोस्ट-ऑपरेटिव फॉलो-अप और 1 बच्चे को मेडिकल मैनेजमेंट के लिये चिह्नित किया गया, जबकि 1 मामला अन्य श्रेणी में रखा गया। चिकित्सकों ने बताया कि नन्हा सा दिल कार्यक्रम के माध्यम से जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की शुरूआती अवस्था में पहचान कर उन्हें निःशुल्क उपचार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। समय पर जांच और उपचार मिलने से बच्चों को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन देने में मदद मिलेगी।

## विद्यालय के समग्र विकास में अभिभावकों भागीदारी महत्वपूर्ण : अनुज त्रिपाठी



**मेदिनीनगर :** रजवाडीह मध्य विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में निहित जनभागीदारी और सामुदायिक सहभागिता की भावना के अनुरूप 20 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का गठन किया गया। भारत सरकार के मार्गदर्शन एवं झारखंड राज्य परियोजना निदेशक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया। एसएमसी गठन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने की। श्री त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सभी सदस्यों को बधाई देते हुये कहा कि विद्यालय के समग्र विकास में अभिभावकों और समुदाय की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने समिति के सदस्यों से विद्यालय के संचालन, शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक सुविधाओं की देखरेख के प्रति सजग और सक्रिय रहने की अपील की। पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़कागांव की शिक्षिका प्रतिभा शांडिल्य एवं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक अजय कुमार ने निभाई। दोनों ने उपस्थित अभिभावकों एवं सदस्यों को विभागीय दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुये विधि-सम्मत तरीके से समिति के गठन की प्रक्रिया पूरी कराई। गठन से पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित माता-पिता एवं अभिभावकों को विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन से संबंधित विभागीय दिशा-निर्देश, सदस्यों की भूमिका एवं आवश्यक अहताओं से अवगत कराया। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया। पार्वती देवी को अध्यक्ष, प्रमिला देवी को उपाध्यक्ष तथा सुनीता देवी को संयोजिका पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया।

**15 दिन में पैसे लौटाएं, नहीं तो नावाबाजार अंचल कार्यालय में जड़ेंगे ताला : केएन त्रिपाठी**

# सीओ के नाम पर कथित रूप से अवैध राशि लेने की शिकायत

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पंचायत परामर्श यात्रा के तहत शुक्रवार को बसना पंचायत पहुंचे पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने नावाबाजार अंचल कार्यालय में कथित रिश्वतखोरी को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने उनसे शिकायत की है कि सीओ के नाम पर कथित रूप से अवैध राशि ली गई है। उनका आरोप है कि यह राशि एक व्यक्ति के बैंक खाते के माध्यम से जमा कराई गई। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जिन लोगों से कथित तौर पर पैसे लिये गये हैं, उन्हें 15 दिनों के भीतर राशि वापस नहीं की गई तो धान रोपनी के बाद गढ़वा और लातेहार की पंचायत परामर्श यात्रा से लौटकर नावाबाजार अंचल कार्यालय का घेराव किया जायेगा और कार्यालय में ताला जड़ने का आंदोलन शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई, प्राथमिकी, जेल या किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिये वे तैयार हैं। श्री त्रिपाठी ने कहा कि पलामू, गढ़वा और लातेहार की 587 पंचायतों का दौरा कर लोगों को उनके अधिकारों के लिये जागरूक एवं संगठित किया जायेगा। भाषा नीति पर भी उन्होंने सरकार को घेरते हुये कहा कि पलामू की पारंपरिक भाषाएं मगही और भोजपुरी हैं। इन भाषाओं को उचित महत्व नहीं मिलने से स्थानीय युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जाति और धर्म से ऊपर उठकर विकास और जनहित के आधार पर नेतृत्व का चुनाव होना चाहिये। उन्होंने पंचायतवासियों से प्रखंड एवं अंचल स्तर की समस्याओं को लेकर एकजुट होने की अपील की और कहा कि जनहित के आंदोलन की शुरूआत नावाबाजार से होगी। कार्यक्रम में लोगों ने पूर्व मंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे को याद करते हुये कहा कि उनके निधन के बाद क्षेत्र की जनसमस्याओं को मजबूती से उठाने वाला नेतृत्व कमजोर हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया पति मुन्ना राम ने तथा संचालन विनय पांडेय ने किया। मौके पर परमेंद्र कुशवाहा, रामचंद्र दीक्षित, सूर्यबली पांडेय, गिरिजा पांडेय, अरुण पांडेय, रामनिवास पांडेय, सौरव पांडेय, कुणाल पांडेय और धनंजय पांडेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# विश्व आदिवासी दिवस पर गढ़वा में होगा सांस्कृतिक महोत्सव, बांटे जाएंगे वन अधिकार पट्टे



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिले में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को स्थानीय टाउन हॉल में सांस्कृतिक महोत्सव एवं वन अधिकार पट्टा वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारियों को लेकर डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देते हुये सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध और बेहतर समन्वय के साथ तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया। मौके पर डीसी ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस जनजातीय समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं, ज्ञान और गौरवशाली इतिहास को सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि यह आयोजन केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम तक सीमित न रहकर जन-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने, उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करने तथा जनजातीय कला, शिल्प और लोक संस्कृति को व्यापक पहचान दिलाने का प्रभावी मंच बने। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वाह्न 11:30 बजे होगा। इसमें कल्याण विभाग के अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय चिनियां एवं कुदरूम (रंका), एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भंडरिया, आश्रम बालिका उच्च विद्यालय मंझिगांवा (कांडी), शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं तथा जेएसएलपीएस की महिलाओं द्वारा पारंपरिक आदिवासी नृत्य, गीत-संगीत और नाटक की प्रस्तुति दी जायेगी। इसके बाद वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत स्वीकृत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार पट्टों का वितरण किया जायेगा। बैठक में पार्किंग व्यवस्था, आमंत्रण पत्र वितरण, मंच संचालन, सम्मान समारोह, सांस्कृतिक थीम पर सेल्फी प्वाइंट निर्माण और कार्यक्रम स्थल की साज-सज्जा सहित सभी तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में एसपी आशुतोष शेखर, डीडीसी प्रेमलता मुर्मु, उत्तरी वन प्रमंडल पदाधिकारी, दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी, सामाजिक वानिकी वन प्रमंडल के पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी देवानंद राम, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी पंकज कुमार गिरि सहित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### 21 सितंबर को होगा दीक्षांत समारोह, राज्यपाल होंगे शामिल

**गढ़वा :** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह आगामी 21 सितंबर को विश्वविद्यालय परिसर स्थित गुरुपद संभवराम जी ऑडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा। समारोह में झारखंड के राज्यपाल सह विश्वविद्यालय के आगंतुक संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रथम दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने आयोजन को सफल बनाने के लिये विभिन्न समितियों का गठन किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह समारोह संस्थान के शैक्षणिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज होगा। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सफल छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिये उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर दो बेस्ट ग्रेजुएट और छह टॉपर विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, प्रमाण पत्र एवं उपाधि देकर सम्मानित किया जायेगा। सम्मान पाने वालों में बीडीएस, एमडीएस, बीएससी पैथोलॉजी और डी फार्म के विद्यार्थी शामिल हैं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, प्रतिकुलाधिपति पवन कुमार और कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने कहा कि दीक्षांत समारोह को गरिमापूर्ण और भव्य बनाने के लिये व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। समारोह में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, संकायाध्यक्ष, प्राचार्य, शिक्षक, आमंत्रित अतिथि, अभिभावक और उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थी शामिल होंगे।

## पाल्हेकला प्रावि में विद्यालय प्रबंधन समिति गठित

# श्वेता देवी बनीं अध्यक्ष



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** शहर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय पाल्हेकला में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) के पुनर्गठन को लेकर आमसभा का आयोजन किया गया। वार्ड सदस्य राजीव रंजन पासवान की अध्यक्षता में आयोजित आमसभा में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से श्वेता देवी को विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष चुना गया। जबकि रानी देवी को उपाध्यक्ष एवं पिंकी देवी को संयोजिका चुना गया। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य के रूप में प्रधानाध्यापिका सुजाता कुमारी, मनोरमा कुमारी, राजू कुमार देव, प्रभावती देवी, पूनम देवी, रूबी देवी, सोना देवी एवं विंध्याचल राम का चयन किया गया। चयन बीआरपी श्रीकांत पांडेय एवं सीआरपी धीरेन्द्र प्रजापति की देखरेख में संपन्न हुई। आमसभा में नवगठित समिति के सदस्यों ने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, स्वच्छ एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही अभिभावकों एवं विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। उस मौके पर बीआरपी श्रीकांत पांडेय एवं सीआरपी धीरेन्द्र प्रजापति ने विद्यालय प्रबंधन समिति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुये कहा कि एसएमसी विद्यालय की गुणवत्ता सुधार, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा बच्चों के हित में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाती है। उन्होंने नवनिर्वाचित समिति से पारदर्शिता एवं सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। अंत में सभाध्यक्ष राजीव रंजन पासवान ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयोजिका एवं सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। धन्यवाद ज्ञापन के साथ आमसभा की कार्यवाही संपन्न हुई।

## ब्रह्माकुमारी की ओर से पीएम श्री हाईस्कूल चितविश्राम में नशा मुक्ति संकल्प कार्यक्रम आयोजित



**श्री बंशीधर नगर :** राष्ट्रव्यापी नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से पीएम श्री उच्च विद्यालय चित्तविश्राम में नशा मुक्ति संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जीवन पर्यंत नशा नहीं करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये बीके सुचिता कुमारी ने नशा से होने वाले तमाम बुराईयों और नुकसान की जानकारी दी। डॉ धर्मचंद अग्रवाल ने बताया की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाये जा रहे अभियान में 10 करोड़ लोगों को नशा मुक्त करने का संकल्प लिया गया है। ब्रह्माकुमारी संस्थान संयुक्त रूप से मिल कर लक्ष्य को पूरा करने में तत्पर है। कार्यक्रम में सुजीत अग्रवाल, बीके दीपक ने भी नशा मुक्त भारत बनाने में छात्र-छात्राओं की अहम भूमिका बताया। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी संस्थान के द्वारा नशा के नुकसान का एक चित्र प्रदर्शनी द्वारा नशा के नुकसान का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारिका नाथ पांडेय, उमेश कुमार गुप्ता, देव शंकर प्रसाद, अमित कुमार गुप्ता, श्वेता कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## मां सायर देवी धाम की नई टीम को मिली जिम्मेदारी, कृष्णा बने सचिव

### तीन दिवंगत सदस्यों की स्मृति में छलका अपनापन, श्रद्धांजलि के बाद परिसर में रोपा गया स्मृति पौधा



बंशीधर न्यूज

**मेराल :** आस्था और श्रद्धा के केंद्र प्रसिद्ध मां सायर देवी धाम के प्रांगण में शुक्रवार को देवी धाम संचालन समिति की आपातकालीन बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष विजय प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में समिति के सचिव रवीन्द्र प्रसाद ने अपरिहार्य व्यक्तिगत कारणों से अपने पद से इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद समिति के संविधान एवं नियमानुसार सर्वसम्मति से कृष्णा प्रसाद कुशवाहा को नया सचिव तथा विनोद चौधरी को उपसचिव मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को समिति के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। लोगों ने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी के साथ दोनों पदाधिकारी मां सायर देवी धाम के विकास, सौंदर्यीकरण और बेहतर संचालन को नई गति देंगे तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को और बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बैठक के बाद माहौल भावुक हो गया जब समिति के सक्रिय सदस्य रहे स्वर्गीय अशर्फी सिंह कुशवाहा, रामप्रीत ठाकुर एवं जगरनाथ महतो के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। उपस्थित सदस्यों ने एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा धाम के प्रति उनके योगदान को याद किया। इसी क्रम में शिक्षक विनोद कुमार कुशवाहा ने अपने पिता स्वर्गीय अशर्फी सिंह कुशवाहा की स्मृति में देवी धाम परिसर में पौधरोपण के लिये पौधा समर्पित किया। मौके पर सभी ने सामूहिक रूप से पौधा लगाकर दिवंगत की स्मृति को हमेशा जीवंत रखने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, संजय भगत, मनोज कुमार जायसवाल, मोतीचंद प्रसाद, बलराम कृष्ण शर्मा, महेंद्र प्रसाद, सुनील सिंह, दशरथ प्रसाद, राजेंद्र गुप्ता, रोहित कुमार, अरविंद सिंह, प्रमोद महाजन, रुपू महतो, सुनील कुमार मेहता, राजेश्वर प्रसाद सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## पारिवारिक विवाद सार्वजनिक होने से प्रमुख दीपमाला हुईं दुखी, आरोपी पति गिरफ्तार



**मेराल :** प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कथित तौर पर लंबे समय से पति की प्रताड़ना से परेशान होकर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये उनके पति ललन राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रमुख का आरोप है कि वैवाहिक जीवन के दौरान उन्हें लगातार शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। परिवार और समाज के स्तर पर कई बार मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। बताया गया कि प्रमुख दीपमाला कुमारी इस पारिवारिक विवाद को सार्वजनिक नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने लंबे समय तक अपने स्तर से मामले को सुलझाने और पारिवारिक रिश्ते को बचाये रखने का प्रयास किया। उनका उद्देश्य विवाद को घर की चाहरदीवारी तक सीमित रखते हुये आपसी समझौते से समाधान निकालना था। हालांकि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मामला सार्वजनिक चर्चा में आ गया और खबर वायरल होने से प्रमुख काफी दुखी एवं आहत हुईं। उन्होंने कथित तौर पर निजी पारिवारिक परिस्थितियों को सार्वजनिक किये जाने पर अपनी नाराजगी जताते हुये कहा कि वह इस मामले को प्रचार का विषय नहीं बनाना चाहती थीं। उनके लिये यह एक बेहद निजी और संवेदनशील पारिवारिक विषय था, जिसे उन्होंने काफी समय तक सुलझाने का प्रयास किया।

## नारकीय स्थिति को झेलने पर मजबूर हैं लोग

# रमना बस स्टैंड की मुख्य सड़क तालाब में तब्दील

महेंद्र गुप्ता



**रमना :** रमना बस स्टैंड से प्रसिद्ध तीर्थस्थल एवं श्री बंशीधर नगर जाने वाले मुख्य पथ की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। मुख्य मार्ग पर बस स्टैंड से ब्लॉक मोड़ तक कई स्थानों पर जमा पानी और गड्ढों के कारण यह सड़क किसी तालाब में तब्दील हो गई है। रोजाना हजारों यात्रियों और वाहनों की आवाजाही वाले इस मुख्य मार्ग पर जलजमाव से ना केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि पक्की सड़क को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क और सार्वजनिक संपत्ति आम नागरिकों की सुविधा के लिये होती है, लेकिन देखरेख के अभाव में यह बर्बाद हो रही है। इसकी सीधी जवाबदेही संबंधित विभाग और सरकार की है। जल निकासी (ड्रेनेज) की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हल्की सी बारिश में भी पूरा पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है। धीरे-धीरे पक्की सड़क की अलकतरा (तारकोल) की परत उखड़ रही है और गहरे-गहरे गड्ढे बन गये हैं।

### दुर्घटनाओं का बढ़ा अंदेशा

सड़क पर जमे पानी के कारण गड्ढों का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। दोपहिया वाहन चालक आये दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को इस रास्ते से गुजरने में भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। विभाग की इस घोर अनदेखी से स्थानीय लोगों और राहगीरों में काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यह कोई छोटी-मोटी सड़क नहीं, बल्कि श्री बंशीधर नगर जाने वाला मुख्य पथ है। सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान जनता के टैक्स के पैसों का नुकसान है। प्रशासन और पथ निर्माण विभाग आखिर कब जागेगा? कब तक जनता इस नारकीय स्थिति को झेलने पर मजबूर रहेगी?

## पुलिस ने फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार



**कांडी :** पुलिस ने केतार थाना कांड के फरार आरोपी सुनील कुमार पांडेय के शिवपुर व सहिजना स्थित दोनों के पता पर शुक्रवार को इश्तेहार चस्पा किया है। थाना प्रभारी मोहम्मद अशफाक आलम ने बताया कि इससे पूर्व सुनील कुमार पांडेय के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया गया था। उल्लेखनीय है कि यह कांड केतार थाना क्षेत्र के एक नाबालिक युवती के साथ छेड़छाड़ एवं यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 28 जून को केतार थाना में दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि कांड का अनुसंधान जारी है एवं पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। घटना के समय सुनील कुमार पांडेय केतार थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय ताली में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। उनकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत जांचने पहुंचे बीडीओ, लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई के संकेत



बंशीधर न्यूज

**बरडीहा :** बीडीओ सह सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने नियमित पैदल भ्रमण कर विभिन्न टोले, गलियों, सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर आवास, सड़क, नाली, पेयजल समेत अन्य जनसमस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एक सरकारी भवन पर अतिक्रमण का मामला सामने आने पर बीडीओ ने संबंधित व्यक्ति को तत्काल अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। वहीं बाजार क्षेत्र में खराब पड़े जलमीनार को शीघ्र दुरुस्त कराने के लिये संबंधित मुखिया को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। जीका बुकचम में 15 वें वित्त आयोग की राशि से स्थापित जलमीनार चालू मिला, लेकिन पानी सड़क पर बहने की शिकायत मिलने पर वहां नाली निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा जीका मंदिर परिसर में जिला परिषद मद से स्थापित जलमीनार का मोटर खराब मिलने पर बीडीओ ने जिला परिषद सदस्य अर्चना प्रकाश से दूरभाष पर बात कर जल्द मरम्मत कराने का अनुरोध किया। जीका मध्य विद्यालय के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने शिक्षक अलख पांडेय की नियमित अनुपस्थिति की शिकायत की। इस पर बीडीओ ने प्रधानाध्यापक को कार्रवाई के लिये प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया। वहीं सहायक शिक्षक वशिष्ठ पासवान को समय पर विद्यालय पहुंचने की सख्त चेतावनी देते हुये कहा कि देर से आने वाले शिक्षकों की हाजिरी काटी जाय और इसकी सूचना तत्काल प्रखंड मुख्यालय को भेजी जाय। बीडीओ ने कहा कि नियमित फील्ड विजिट से आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों और अन्य सरकारी संस्थानों की कार्यप्रणाली में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है।

## न्यूज अडेट्स

### नशा मुक्ति और हर घर तिरंगा के संदेश के साथ चित्र प्रदर्शनी



**मेदिनीनगर :** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो डालटनगंज की ओर से योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय के सरस्वती सभागार में आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन समारोह में पेंटिंग, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि डालसा के सचिव राकेश रंजन ने नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिये सामूहिक भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने मूल कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिये। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता ने हर घर तिरंगा अभियान को राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का प्रतीक बताते हुये रक्तदान के लिये प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मोहिनी गुप्ता ने स्वागत किया। जैन समाज के अध्यक्ष सरस जैन ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के साथ पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। यूथ आइकॉन विकास स्वदेशी ने नशे के खिलाफ सामूहिक जनआंदोलन की जरूरत बताई। केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार जताया। एनएसएस समन्वयक डॉ सुप्रिया सोनालिका ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इसके बाद छात्राओं ने तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। छात्राओं ने देश मेरा रंगीला पर नृत्य तथा नशा छोड़ो विषयक नाटक प्रस्तुत किया। रंगकर्मी सैकत चटर्जी के नेतृत्व में मासूम आर्ट ग्रुप ने भी गीत-नाटक की प्रस्तुति दी। मौके पर संतोष पांडेय, मुनमुन चक्रवर्ती, मनोज कुमार, डॉ मिनी टुडू सहित बड़ी संख्या में छात्राएं, कलाकार एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## श्री बंशीधर नगर ▶ एसडीओ एसडीपीओ ने की बैठक

# स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास मनाने का निर्णय

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** एसडीओ प्रभाकर मिर्धा एवं एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह ने स्वतंत्रता दिवस समारोह मानने को लेकर शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सभी पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों एवं शहरी क्षेत्र के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम के साथ हर्सोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। वहीं सभी हेडमास्टरों को अपने-अपने क्षेत्र में विभागीय निदेशों के अनुरूप प्रातः 7 बजे तक प्रभात फेरी निकालने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के दिन मार्च पास्ट, देश भक्ति व प्रगति गान, राष्ट्रगान, वंदे मातरम, देश भक्ति गीत एवं मैदानी कार्यक्रम किया जायेगा। मार्च पास्ट में शामिल सभी विद्यालय 13 अगस्त को अनुमंडल मैदान में सुबह 11 बजे से उपस्थित होकर अभ्यास करेंगे। बीईईओ 13 एवं 15 अगस्त को प्रातः 10 बजे अनुमंडल मैदान में मार्च पास्ट का अभ्यास एवं मुख्य कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के सभी खेल शिक्षकों को प्रतिनियुक्त करना सुनिश्चित करेंगे। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 12 अगस्त को 11 बजे पूर्वाहन में तथा प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन 13 अगस्त को 11 बजे पूर्वाहन में यह दोनों कार्यक्रम प्लस टू हाईस्कूल में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता को चार ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप ए में वर्ग 11 एवं उससे उपर, ग्रुप बी में वर्ग 9 से 10, ग्रुप सी में वर्ग 6 से 8 और ग्रुप डी में वर्ग 1 से 5 तक के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। सभी प्रतियोगिता सहित मुख्य समारोह में होने वाले समस्त कार्यक्रमों के लिये निर्णायक मंडल का भी चयन किया गया है। मैदानी व्यवस्था में साफ-सफाई की जिम्मेदारी नगर पंचायत के नगर प्रबंधक प्रमेय मंडिलवार को दिया गया है। स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में विधि व्यवस्था संधारण के लिये सीआई सुरेंद्र कुमार व जेई जितेंद्र कुमार को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। मुख्य समारोह में चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति करने के लिये अनुमंडल अस्पताल के डीएस को करनी है।

### झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन के लिये समय निर्धारित किया गया। जिसमें एसडीओ के आवासीय कार्यालय में सुबह 8 बजे, एसडीपीओ के आवासीय कार्यालय में 8:10, अनुमंडल कार्यालय में 8:15, एसडीपीओ कार्यालय में 8:30, पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय में 8:35, प्रखंड कार्यालय में 8:45, अनुमंडल अस्पताल में 8:50, नगर ऊंटारी थाना में 9:05, नगर पंचायत कार्यालय में 9:30, उपकारा में 10 बजे, अनुमंडल मैदान में 11 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा।

### बैठक में ये थे मौजूद

बैठक में बीडीओ रौशन कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद, नपं के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल मिश्रा, नपं अध्यक्ष साधना देवी, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि मथुरा पासवान, शहरी विधायक प्रतिनिधि कमलेश मेहता, डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी, अधिवक्ता दिनेश शुक्ला, अशोक सेठ, वार्ड पार्षद ओमप्रकाश चौबे, शिक्षक देवशंकर प्रसाद, कमलेश पांडेय, अनिल विश्वकर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अंधविश्वास और अशिक्षा के खिलाफ युवा बने बदलाव के वाहक : डालसा सचिव

**मेदिनीनगर।** समाज में बढ़ते अंधविश्वास, अशिक्षा और कानूनी अनभिज्ञता को दूर करने के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है। प्रत्येक विद्यार्थी को कानून का बुनियादी ज्ञान होना चाहिए, ताकि वह न केवल अपने अधिकारों की रक्षा कर सके, बल्कि समाज में न्याय और जागरूकता का भी वाहक बन सके। यह बातें जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव राकेश रंजन ने शुक्रवार को मेदिनीनगर के जीएलए कॉलेज में आयोजित विधिक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों को संविधान, विधिक अधिकारों, कर्तव्यों एवं नि:शुल्क कानूनी सहायता संबंधी प्रावधानों से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षित समाज वही है, जो अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से निर्वहन करे। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर न्याय, समानता, अनुशासन और संवैधानिक संस्कृति को मजबूत बनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ जसबीर बग्गा ने कहा कि विधिक जागरूकता प्रत्येक नागरिक की मूल आवश्यकता है। डालसा सचिव राकेश रंजन ने कहा कि सोशल जस्टिस का वास्तविक अर्थ न्याय को हर घर तक पहुंचाना है। गरीबी कभी भी न्याय पाने में बाधा नहीं बननी चाहिए। इसी उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार आर्थिक रूप से कमजोर, वंचित और जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराता है। उन्होंने महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, अनुसूचित जाति-जनजाति, दिव्यांगजनों के अधिकारों, साइबर अपराध से बचाव, घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण, उपभोक्ता अधिकार और लोक अदालत की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## विधायक अनंत प्रताप देव ने सरकार से की खरौंधी में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग



श्री बंशीधर नगर : विधायक अनंत प्रताप देव ने खरौंधी प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग विधानसभा के मानसून सत्र में शून्यकाल के दौरान जोरदार ढंग से उठाई। उन्होंने सरकार का ध्यान आकृष्ट कर कहा कि गढ़वा जिले के सुदूरवर्ती एवं अनुसूचित जाति-जनजाति बहुल खरौंधी प्रखंड में आज तक एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है, जिससे हजारों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने सदन में कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे इस क्षेत्र के गरीब, ग्रामीण और आदिवासी परिवारों के छात्र-छात्राओं को स्नातक की पढ़ाई के लिये दूर-दराज के कॉलेजों में जाना पड़ता है। आर्थिक तंगी, लंबी दूरी और अन्य सामाजिक कारणों के चलते कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी बीच में ही अपनी पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति क्षेत्र के शैक्षणिक और सामाजिक विकास में बड़ी बाधा है। श्री देव ने सरकार से खरौंधी प्रखंड में अविलंब एक डिग्री कॉलेज स्थापित करने की मांग करते हुये कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक युवा को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही क्षेत्र के विकास, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और आत्मनिर्भर समाज की सबसे मजबूत नींव है। विधायक ने विश्वास जताया कि सरकार उनकी मांग पर सकारात्मक पहल करेगी।

## लोक कला संरक्षण में योगदान के लिये विश्वनाथ और बासदेव सिंह सम्मानित



**गढ़वा :** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की गढ़वा जिला इकाई की ओर से आयोजित कला साधक सम्मान समारोह में जनजातीय क्षेत्र की लोक कला और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ कला साधक विश्वनाथ सिंह एवं बासदेव सिंह को सम्मानित किया गया। स्थानीय कला साधकों द्वारा निर्मित पुष्पगुच्छ, शॉल एवं तिलक लगाकर दोनों कला साधकों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय संस्कृति की परंपरा के अनुरूप हुआ। इस अवसर पर संस्कार भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के संगीत विधा संयोजक पवन कुमार पांडेय ने संस्था के ध्येय गीत साधयति संस्कार भारती... की प्रस्तुति दी। इसके बाद उन्होंने मधुर कजरी प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर संस्कार भारती गढ़वा जिला इकाई के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि लोक कलाकार समाज की सांस्कृतिक पहचान के संवाहक होते हैं। संस्था के संरक्षक श्रवण कुमार शुक्ल ने कहा कि अपना जीवन लोक संस्कृति के संरक्षण में समर्पित करने वाले कलाकारों का सम्मान नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा देता है। वहीं पवन कुमार पांडेय ने कहा कि लोक संगीत भारतीय सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक जीवन का जीवंत दस्तावेज है। संस्कार भारती झारखंड प्रांत के प्रांतीय कला धरोहर संयोजक नीरज श्रीधर ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र में लोक कला और सनातन सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने में कला साधकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। मौके पर विश्वनाथ सिंह, बासदेव सिंह, अशोक सिंह, राजेश्वर सिंह, डॉ बाबूलाल सिंह, लालधारी सिंह, जीतन सिंह, नंदू सिंह, हरबंश सिंह, देवधारी सिंह, अशोक कुमार सिंह, संत कुमार सिंह, कवलसिया देवी, बासमती देवी, अंजली कुमारी, सुनीता कुमारी सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये 8-9 अगस्त को लगेगा विशेष शिविर : डीसी

**मेदिनीनगर :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तहत पलामू जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 8 और 9 अगस्त को विशेष शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इसमें पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम-पता समेत अन्य विवरण में संशोधन तथा मतदान केंद्र से संबंधित आवश्यक बदलाव के लिये आवेदन कर सकेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जिले के पात्र नागरिकों से विशेष शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। जिन भारतीय नागरिकों की आयु 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो जायेगी और जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फॉर्म-6 एवं घोषणा-पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज जमा कर नाम दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज होने की स्थिति में उन्हें एक ही मतदान केंद्र पर दर्ज कराने के लिये फॉर्म-8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। नाम, पता या अन्य विवरण में संशोधन के लिये भी फॉर्म-8 का उपयोग किया जा सकता है। मतदाता संबंधित मतदान केंद्र पर बीएलओ के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि एसआईआर-2026 की प्रक्रिया पात्र भारतीय नागरिकों के लिये है। उन्होंने नागरिकों से स्वयं शिविर का लाभ उठाने के साथ आसपास के अन्य पात्र लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। अधिकारियों एवं बीएलओ को शिविरों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## विद्यालयों और मेस में खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

# स्कूल में कम भोजन मिलने पर प्रबंधन को फटकार

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को विद्यालयों और मेस में जांच अभियान चलाया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गढ़वा 1 दीपश्री के नेतृत्व में टीम ने राजकीय कन्या मध्य विद्यालय पिपरा कला और बिरसा कृषि विश्वविद्यालय गढ़वा स्थित हॉस्टल मेस का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जांच के दौरान राजकीय कन्या मध्य विद्यालय पिपरा कला में बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन दिया जा रहा था। रसोईघर में साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक पाई गई। बच्चों को पेयजल के लिये चापानल का पानी उपलब्ध कराया जा रहा था। हालांकि विद्यालय में उपस्थित 36 बच्चों की संख्या के अनुरूप भोजन की मात्रा काफी कम पाई गई। इस पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने स्कूल प्रबंधन और संयोजिका को कड़ी फटकार लगाते हुये उपस्थिति के अनुसार पर्याप्त भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके बाद टीम ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय स्थित हॉस्टल मेस का निरीक्षण किया। यहां रसोईघर में साफ-सफाई बेहतर मिली और मेन्यू के अनुसार भोजन तैयार किया जा रहा था। लेकिन जांच के दौरान मेस इंचार्ज खाद्य लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर उन्हें नोटिस जारी करते हुये सात दिनों के अंदर खाद्य लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण में दोनों स्थानों पर भोजन बनाने में इस्तेमाल होने वाले तेल और मसाले मानकों के अनुरूप पाये गये। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि मिड डे मील, कैंटीन और मेस का संचालन खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के प्रावधानों के अनुसार किया जाय। जांच अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गढ़वा 3 किरण हेम्ब्रम एवं खाद्य सुरक्षा कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।



## हॉलीवुड में प्रियंका चोपड़ा की नई पारी

प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड में एक और बड़े प्रोजेक्ट के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। ऑस्कर विजेता अभिनेता रसेल क्रो और प्रियंका आगामी साइंस-फिक्शन एक्शन थ्रिलर 'ब्लूफ्लाई' में पहली बार एक साथ नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन निमरॉड एंटल करेंगे, जिन्हें 'प्रेडेटर्स' और 'वेकेंसी' जैसी फिल्मों के अलावा लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के निर्देशन के लिए जाना जाता है। बड़े बजट की इस फिल्म में प्रियंका और रसेल की जोड़ी के साथ दर्शकों को एक्शन, रहस्य और रोमांच का जबरदस्त मिश्रण देखने को मिलेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ब्लूफ्लाई' को आधिकारिक तौर पर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) में अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के सामने पेश किया जाएगा। फिल्म की शूटिंग इस साल ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में शुरू होने की योजना है। कहानी संयुक्त राष्ट्र के एक परेशान अनुवादक के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे कांगो में एक गुप्त मिशन पर भेजा जाता है। मिशन के दौरान उसे एक ऐसे रहस्यमयी विमान की तलाश करनी है, जिसके अस्तित्व को पूरी दुनिया से छिपाकर रखा गया है। फिल्म को 'अराइवल' जैसी भावनात्मक और रहस्यमयी साइंस-फिक्शन थ्रिलर के तौर पर पेश किया जा रहा है। इसका निर्माण छह निमार्ताओं की टीम करेगी, जबकि वैश्विक वितरण की जिम्मेदारी हाइलैंड फिल्म ग्रुप संभालेगा। हाइलैंड फिल्म ग्रुप की सीईओ एरियन फ्रेजर ने प्रियंका और रसेल की कास्टिंग को फिल्म की बड़ी ताकत बताया है। निर्देशक निमरॉड एंटल के मुताबिक, 'ब्लूफ्लाई' साहसिक साइंस-फिक्शन की पृष्ठभूमि वाली एक तनावपूर्ण और रहस्यमयी थ्रिलर होगी, जिसमें मजबूत किरदार देखने को मिलेंगे। प्रियंका के लिए यह प्रोजेक्ट उनके बढ़ते हॉलीवुड करियर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। वह जल्द ही एसएस राजामौली की पैन इंडिया फिल्म 'वाराणसी' के जरिए भारतीय सिनेमा में भी वापसी करने वाली हैं। ऐसे में 'ब्लूफ्लाई' के साथ उनका हॉलीवुड और 'वाराणसी' के जरिए भारतीय सिनेमा में एक साथ बड़ा दांव देखने को मिलेगा।

## हर्षवर्धन राणे और संजीदा शेख की तस्वीरों ने रिश्तों को लेकर चर्चाओं को किया तेज



अभिनेता हर्षवर्धन राणे एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर सामने आई कुछ तस्वीरों के बाद उनके और अभिनेत्री संजीदा शेख के रिश्ते को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, दोनों कलाकारों ने अब तक इस विषय पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन इंटरनेट पर साझा की गई तस्वीरों ने प्रशंसकों के बीच नई अटकलों को जन्म दे दिया है। दरअसल, हर्षवर्धन और संजीदा ने हाल ही में अपने-अपने सोशल मीडिया खातों पर कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। ये तस्वीरें पुणे स्थित विंड्स ओवर वॉटर के एक केबिन की बताई जा रही हैं। सोशल मीडिया उपयोगकताओं ने दोनों तस्वीरों के बैकग्राउंड में कई समानताएं देखीं, जिसके बाद यह दावा किया जाने लगा कि दोनों एक ही स्थान पर मौजूद थे। इसी आधार पर उनके रिश्ते को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया है। हर्षवर्धन और संजीदा पहले भी कई परियोजनाओं में साथ काम कर चुके हैं। दोनों जी5 की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'तैश' और फिल्म 'कुन फाया कुन' में नजर आए थे। वहीं, संजीदा शेख की निजी जिंदगी भी पहले चर्चा में रह चुकी है। उन्होंने वर्ष 2012 में अभिनेता आमिर अली से विवाह किया था। दोनों की एक बेटी आयरा है, जिसका जन्म सेरोगेसी के माध्यम से हुआ था। बाद में दोनों ने वर्ष 2022 में अलग होने का फैसला किया था। फिलहाल हर्षवर्धन और संजीदा की डेटिंग की खबरों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## पाकिस्तान, सऊदी अरब व तुर्किये ने किया रक्षा समझौता, एक पर हमला होने पर तीनों मिलकर देंगे जवाब



# अनंत व भानू ने पावर प्लांट व सीमेंट प्लांट के नाम पर दिया धोखा

### झामुमो के युवा नेता दीपक प्रताप ने कर्णपुरा एवं रोहिला में की जनसभा

बंशीधर न्यूज



**रमना :** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां एक बार फिर तेज होती नजर आ रही है। शुक्रवार को झामुमो के युवा नेता एवं संभावित विधानसभा प्रत्याशी दीपक प्रताप देव ने रमना प्रखंड के कर्णपुरा एवं रोहिला गांव में जनसभा की। जनसभा को संबोधित करते हुये दीपक प्रताप देव ने विधायक अनंत प्रताप देव पर कई गंभीर आरोप लगाये। साथ ही पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही को भी निशाने पर लिया। उन्होंने 2024 के विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुये कहा कि उस समय हमने अनंत प्रताप देव के पक्ष में प्रचार किया था। उनके कहने पर ही कर्णपुरा एवं रोहिला के लोगों ने अनंत प्रताप देव का समर्थन किया था। चुनाव के दौरान नाली, गली और सड़क सहित विकास के कई वादे किये गये थे, लेकिन अब लोगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने विशुनपुरा में चापानल लगवाने के लिये कथित तौर पर 15 हजार रुपये की मांग किये जाने का आरोप लगाया और इसे घूसखोरी का मामला बताया।

### 22 घंटे बिजली के दावे पर उठाया सवाल

विधायक के द्वारा भवनाथपुर में 22 घंटे बिजली रहने के दावे पर दीपक प्रताप देव ने ग्रामीणों से ही बिजली की स्थिति पूछी। जिसपर ग्रामीणों ने पांच से आठ घंटे तक बिजली मिलने की बात कही। उन्होंने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी सवाल उठाया और हाल में सर्पदंश से दो वर्षीय बच्चे की मौत तथा एंटीवेनम उपलब्ध नहीं होने का जिक्र करते हुये व्यवस्था पर सवाल खड़े किये।

### पलायन पर घेरा

रोजगार और पलायन के मुद्दे पर दीपक प्रताप देव ने विधायक को घेरते हुये चुनाव के दौरान किये गये पावर प्लांट के वादे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा पावर प्लांट टाउनशिप में लगाना था विधायक जी, लखनऊ और दिल्ली में नहीं। कहां लगा रहे हैं आप पावर प्लांट? उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में क्षेत्र के लोग बाहर पलायन करने को मजबूर हैं और कई बार बाहर से लोगों के शव गांव लौटते हैं। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी तय करने की मांग की।

### भानू पर भी साधा निशाना

दीपक प्रताप देव ने पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही पर भी निशाना साधते हुये कहा कि उन्होंने सीमेंट फैक्ट्री लगाने का वायदा किया था। किंतु आज तक कोई बड़ा काम नहीं हुआ जिससे लोगों को सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों नेताओं ने मिलकर बारी–बारी से भवनाथपुर विधानसभा की जनता को धोखा देने का काम किया है।

### खुद को बताया जनता का बेटा

दीपक प्रताप देव ने अपने माता–पिता के निधन का जिक्र करते हुये कहा कि वे कम उम्र में ही अपने माता–पिता को खो चुके हैं और उनकी उतनी सेवा नहीं कर पाये, जितना करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि अब वे भवनाथपुर विधानसभा की जनता को अपना माता–पिता मानकर उनकी सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने खुद को जनता के घर का बेटा बताते हुये कहा कि उन्हें विश्वास है कि जनता उन्हें काम करने का मौका देगी।

### हाथ तोड़वा विधायक बयान से बढ़ी चर्चा

जनसभा में दीपक प्रताप देव का एक बयान सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। उन्होंने विधायक अनंत प्रताप देव को हाथ तोड़वा विधायक कहकर संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर सड़क निर्माण के दौरान मोरम गिराये जाने से लोग फिसलकर गिर रहे हैं और घायल हो रहे हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि ऐसा विधायक उन्होंने पहले नहीं देखा और उन्हें हाथ तोड़वा विधायक कहना उचित होगा। दीपक ने अनंत प्रताप देव को अपना बड़ा भाई और सम्माननीय व्यक्ति बताते हुये उन्हें विकास विरोधी विधायक भी कहा। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में जनता विकास के आधार पर अपना फैसला करेगी। उस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## देवघर-चोपन एक्सप्रेस और रांची-दिल्ली दैनिक राजधानी की मांग



### भाजपा नेताओं ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री व सांसदों से की मुलाकात

### रेल मंत्री को भेजा गया पत्र, पलामू-गढ़वा समेत कई जिलों के यात्रियों को होगा लाभ

**विश्रामपुर :** झारखंड के रेल यात्रियों की लंबे समय से लंबित दो प्रमुख मांगों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी एवं रघुराज पांडेय ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा तथा पलामू सांसद बीडी राम से मुलाकात की। इस दौरान देवघर-चोपन के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाने और रांची से दिल्ली के लिये सप्ताह के सातों दिन राजधानी एक्सप्रेस संचालित करने की मांग प्रमुखता से उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि देवघर से चोपन के बीच फिलहाल कोई सीधी ट्रेन नहीं है। यात्रियों को धनबाद, बरकाकाना, लातेहार, डाल्टनगंज, गढ़वा रोड और रेनुकूट मार्ग से यात्रा करने के बावजूद दो बार ट्रेन बदलनी पड़ती है। करीब 550 किलोमीटर की इस यात्रा में सामान्यतः आठ घंटे लगने चाहिये। लेकिन ट्रेन बदलने की वजह से 15 घंटे तक का समय लग जाता है। वहीं रांची से दिल्ली के लिये प्रतिदिन राजधानी एक्सप्रेस चलाने की मांग करते हुये कहा गया कि झारखंड से बड़ी संख्या में यात्री, व्यवसायी और मरीज रोज दिल्ली आते-जाते हैं। दैनिक सुपरफास्ट राजधानी सेवा नहीं होने से लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। मुलाकात के दौरान जनप्रतिनिधियों ने इन मांगों को गंभीरता से लेते हुये रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से संपर्क किया। साथ ही रेल मंत्रालय को पत्र भेजकर दोनों मांगों पर आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर पहल करने के लिये सभी सांसदों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## देवगाना मोड़ पर चार दुकानों के ताले टूटे, चोरी की वारदात नाकाम



**मेराल :** थाना क्षेत्र के देवगाना मोड़ पर गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की नीयत से एक साथ चार दुकानों के ताले तोड़ दिये। हालांकि चोर दुकानों से सामान चोरी करने में सफल नहीं हो सके। शुक्रवार की सुबह दुकानदार जब अपनी-अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो टूटे हुये ताले देखकर उनके होश उड़ गये। घटना की जानकारी सबसे पहले प्रज्ञा केंद्र संचालक नूरे आलम, श्रृंगार स्टोर संचालक असगर अंसारी, पोल्ट्री फार्म संचालक आबिद अंसारी तथा किराना दुकान संचालक अजय चौधरी को हुई। सभी दुकानदारों ने तत्काल दुकान खोलकर अंदर रखे सामान की जांच की। जांच के दौरान दुकान में रखा सारा सामान सुरक्षित और व्यवस्थित मिला। इसके बाद दुकानदारों ने राहत की सांस ली। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने दुकानों में प्रवेश कर चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन किसी कारणवश वारदात को अंजाम दिये बिना ही मौके से फरार हो गये। एक ही रात में चार दुकानों के ताले टूटने की घटना से देवगाना मोड़ के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। घटना की सूचना मिलने के बाद मेराल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दुकानदारों से घटना के संबंध में जानकारी ली तथा आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों और चोरों का सुराग तलाशने में जुटी है।

## गढ़वा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को डीसी ने बारी-बारी से सुना

# जनसुनवाई के दौरान डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिये समाधान के निर्देश

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को डीसी पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को डीसी ने बारी-बारी से सुना और उनके समाधान के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। जनसुनवाई में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, सरकारी योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन और बकाया मजदूरी भुगतान सहित कई मामलों को लेकर लोग पहुंचे। डीसी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये अधिकारियों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ मामलों का निष्पादन करने को कहा। जनसुनवाई में सबसे पहले चिनिया प्रखंड के बरवाडीह के ग्रामीणों, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्यों ने सामूहिक हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिगसीगा कला के सहायक शिक्षकों की कार्यशैली की जांच और स्थानांतरण की मांग की। ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पाये जाने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग की। वहीं मेराल प्रखंड के पढुवा निवासी सुरेश साह ने भूमि सीमांकन नहीं होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि अंचल कार्यालय से आदेश मिलने के बावजूद अब तक भूमि की मापी नहीं कराई गई है। बरडीहा प्रखंड के सेमरी निवासी हाफिज अंसारी ने मैरून बीबी की ओर से आवेदन देकर भूदान (लाल परचा) भूमि पर जबरन रास्ता निर्माण कराने की शिकायत की। इसके अलावा कांडी प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी के टीजीटी शिक्षक विकास कुमार कश्यप एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरवाडीह के सहायक शिक्षक विजय कुमार तिवारी ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुये नजदीकी विद्यालयों में प्रतिनियोजन की मांग की। डीसी ने सभी शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)